- 168 -

# नगर निगम शिमला

नगर निगम शिमला की वर्ष 2021-22 की चतुर्थ साधारण बैठक दिनांक 30.07.2021 को अपराह्न 2:30 बजे बचत भवन में Physically व Video Conferencing के माध्यम से (on line and Off line both) हुई, के कार्यवृत ।

उपस्थितः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सत्या कौण्डल | मा० महापौर-सभापति |
| 2. | श्री शैलेन्द्र चौहान | मा० उप-महापौर |
| 3. | श्रीमती तनुजा चौधरी | मा० पार्षद |
| 4. | श्री संजीव ठाकुर | मा० पार्षद |
| 5. | श्री सुनील धर | मा० पार्षद |
| 6. | श्रीमती कुसुम सदरेट | मा० पार्षद |
| 7 | श्रीमती शैली शर्मा | मा० पार्षद |
| 8. | श्री विवेक शर्मा | मा० पार्षद |
| 9. | श्री दिवाकर देव शर्मा | मा० पार्षद |
| 10. | श्रीमती किरन बावा | मा० पार्षद |
| 11. | श्री संजय परमार | मा० पार्षद |
| 12 | श्री आनंद कौशल | मा० पार्षद |
| 13. | श्रीमती सिमी नंदा | मा० पार्षद |
| 14. | श्री जगजीत सिंह बग्गा | मा० पार्षद |
| 15. | श्री बिट्टू कुमार | मा० पार्षद |
| 16. | श्रीमती सुषमा कुठियाला | मा० पार्षद |
| 17. | श्री इन्द्रजीत सिंह | मा० पार्षद |
| 18. | श्रीमती अर्चना धवन | मा० पार्षद |
| 19. | श्रीमती किमी सूद | मा० पार्षद |
| 20. | कु० आरती चौहान | मा० पार्षद |
| 21. | श्रीमती कमलेश मैहता | मा० पार्षद |
| 22. | श्रीमती शारदा चौहान | मा० पार्षद |
| 23. | श्रीमती रिटा ठाकुर | मा० पार्षद |
| 24. | श्रीमती मीरा शर्मा | मा० पार्षद |
| 25. | श्री कुलदीप ठाकुर | मा० पार्षद |
| 26. | श्री राकेश कुमार शर्मा | मा० पार्षद |
| 27. | श्री राकेश चौहान | मा० पार्षद |
| 28 | कु० विदूषी शर्मा | मा० पार्षद |
| 29. | श्रीमती रचना भारद्वाज | मा० पार्षद |
| 30. | श्रीमती रेनू चौहान | मा० पार्षद |
| 31. | श्रीमती आशा शर्मा | मा० पार्षद |
| 32. | कु० कुसुम लता ठाकुर | मा० पार्षद |
| 33. | श्रीमती बृज सूद | मा० पार्षद |
| 34. | श्री दीपक शर्मा | मा० पार्षद(मनोनीत) |
| 35. | श्री जसविन्द्र सिंह | मा० पार्षद(मनोनीत) |
| 36. | श्री राजेन्द्र चौहान | मा० पार्षद(मनोनीत) |

श्री आशीष कोहली, आयुक्त, नगर निगम शिमला।

## शोक प्रस्ताव

सदन की बैठक में श्रीमती सत्या कौण्डल, मा० महापौर ने श्री वीरभद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हि०प्र० के आकस्मिक निधन पर शोक प्रस्ताव पेश किया जिसका समर्थन पूरे सदन ने किया।

सदन द्वारा श्री वीरभद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हि०प्र० के आकस्मिक निधन पर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये 2 मिनट का मौन रखा गया ।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

SKondal

बैठक आरम्भ होते ही श्रीमती किरन बावा, मा0 पार्षद ने वार्ड नं0-8 में पानी का मामला उठाते हुए कहा कि सम्बन्धित कनिष्ठ अभियन्ता और सहायक अभियन्ता द्वारा फोन नहीं उठाया जाता है। मेरे वार्ड में पिछले चार दिनों से सही प्रकार से जलापूर्ति नहीं हो रही है रात को 1:00 बजे पानी की सप्लाई दी जाती है। पानी की सप्लाई के लिए schedule बनाया जाए। श्री सुनील धर, मा0 पार्षद ने कहा कि मैं बहुत दिनों से शिकायत कर रहा हूं परन्तु XEN फोन नहीं उठाते हैं। श्रीमती कुसुम सदरेट, मा0 पार्षद ने कहा कि जब कनिष्ठ अभियन्ता या सहायक अभियन्ता को फोन किया जाता है तो वह कहते हैं कि XEN ही management करेंगे। जिस दिन जलापूर्ति न होनी हो उस बारे पहले ही अखबार इत्यादि के माध्यम से लोगों को अवगत करवाया जाना चाहिए। मा0 उप-महापौर ने कहा कि सभी अधिकारी फोन उठाऐं, अतिरिक्त महा-प्रबन्धक, जलापूर्ति, SJPNL, को बैठक में बुलाया जाए। अतिरिक्त महा-प्रबन्धक, मल निकासी, SJPNL, ने सदन को अवगत करवाया कि भारी वर्षा व गाद के कारण जलापूर्ति में कुछ समस्या आई और यह समस्या शीघ्र ही ठीक हो जाएगी और जलापूर्ति सुचारू रूप से कर दी जाएगी।
श्रीमती किरन बावा, मा0 पार्षद ने कहा कि हिमकेयर कार्ड दो माह से लोगों को नहीं मिल रहे हैं और लोग पार्षदों से इस बारे पूछते हैं लोगों को जवाब देना मुश्किल हो गया है। यदि हिमकेयर कार्ड नहीं बनते हैं तो लोगों के पैसे वापिस किए जाएं। अन्य पार्षदों ने भी इस सम्बन्ध में अपनी आपति जताई और कहा कि यदि हिमकेयर कार्ड नहीं बनते हैं तो लोगों के पैसे वापिस किए जाएं। मा0 महापौर व पार्षदों के बीच इस मामले बारे काफी बहस हुई और सदन में बहुत शोर-शराबा होने लगा जिसके कारण मा0 महापौर सभापति ने सदन की कार्यवाही को 2 मिनट के लिए स्थगित कर दिया।

--------------x----------------------------x-------------------------x----------------------

2 मिनट उपरान्त माननीय महापौर-सभापति द्वारा सदन की कार्यवाही को पुनः आरम्भ किया गया। सदन की कार्यवाही पुनः आरम्भ होते ही आयुक्त ने सदन को अवगत करवाया कि IT विभाग ने ही इस कार्य के लिए टैण्डर किया है और उनके द्वारा ही यह कार्य करवाया जा रहा है। नगर निगम ने केवल इस कार्य में सहयोग किया है। सदन द्वारा निर्णय लिया गया कि Director IT को लिखा जाए कि हिमकेयर कार्ड लोगों को उपलब्ध करवाने के proses को समयबद्ध किया जाए।

श्री इन्द्रजीत सिंह, मा0 पार्षद ने कहा कि Gyms Centres के लिए garbage charges के normal rate होने चाहिए। सदन में यह निर्णय लिया गया कि क्योंकि Gyms की कूड़ा शुल्क की कोई Category निर्धारित नहीं की गई है तो सभी Gyms को Category-II में डाला जाए और इसी के आधार पर Gyms से कूड़ा शुल्क की वसूली की जाए। श्री राकेश कुमार शर्मा, मा0 पार्षद ने कहा कि की chemist shops दरे भी तय की जाए। श्री सुनिल धर, मा0 पार्षद ने कहा कि मेरे वार्ड में बहुत होटल हैं जो कोरोना काल में बन्द रहे इस कारण सभी के लिए अगले House में प्रस्तावना लाई जाए। श्री दिवाकर देव शर्मा, मा0 पार्षद ने कहा कि कोरोना काल के दौरान बिजली, पानी, टैक्स व कूड़े के बिलों में छूट देने बारे भी कार्यवाही की जानी चाहिए।

आयुक्त,
नगर निगम शिमला।